**लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन ने संसद भवन परिसर में आग लगने की घटना पर चिंता व्यक्त की और इस बारे में विस्तृत रिपोर्ट मांगी।**

**नई दिल्ली, 22 मार्च, 2015 :** आज संसद भवन परिसर में प्लॉट सं **118** में एक ए सी प्लांट में आग लग गई। आग पर कुछ ही समय में काबू पा लिया गया और कोई हताहत नहीं हुआ ।

लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन ने इस घटना पर चिंता व्यक्त की है और इस बारे में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। उन्होंने मौजूदा वायरिंग,फिटिंग और अन्य उपकरणों की पूरी जांच के आदेश भी दिए हैं।